**प्रेस नोट**
**दिनांक 05.01.2025**

**सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत गोण्डा पुलिस द्वारा मध्य रात्रि चलाया गया ग्रैंड चेकिंग अभियान -**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में बढती ठण्ड व कोहरे के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने व जनपद में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखने हेतु रात्रि 12:30 बजे से 2:30 बजे तक ग्रैंड चेकिंग अभियान चलाया गया । जिसमें जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण व थाना प्रभारी व चौकी/हल्का प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की गयी तथा जनपदीय पुलिस द्वारा चौराहों,संवेदनशील क्षेत्रों व जनपदीय सीमा पर बैरियर लगाकर संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं एवं वाहनों को चेक किया गया।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**<u>प्रेस नोट</u>**
**<u>दिनांक 05.01.2025</u>**

## <u>पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा मध्य रात्रि में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ की गयी समीक्षा गोष्ठी, लंबित अभियोगों के विवेचना, लंबित जांच प्रार्थना पत्रों आदि की स्थिति की समीक्षा कर दिए गए आवश्यक दिशा–निर्देशः–</u>

दिनांक 04.01.2025 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा कैम्प कार्यलय में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ गोष्ठी कर लंबित अभियोगों के विवेचना, लंबित जांच प्रार्थना पत्रों व लंबित प्रारंभिक जांचो आदि की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। महोदय द्वारा सर्वप्रथम काफी दिनों से लंबित चल रही विवेचनाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी कर इतनी लम्बी अवधि तक विवेचनाओं के लंबित रखने का कारण जानते हुए विवेचनाओं की स्थिति में आ रही परेशानियों के बारे जाना तथा गुण दोष के आधार पर जल्द से जल्द विवेचनाओं के निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। महोदय द्वारा लंबित विवेचनाओं विशेषकर अनावरित अभियोगो के निस्तारण तथा इनामिया, जिलाबदर अभियुक्तों की जानकारी हासिल की गयी तथा गैंगेस्टर के प्रकरणों में अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 14(1) के तहत कितने प्रकरणों में सम्पत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही आदि के बारे में समीक्षा की गयी तथा कितने अपराधियों के विरूद्ध एच0एस0 खोले गए, कितने अभियुक्तों के विरूद्ध गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी व कितने गैंग पंजीकरण की कार्यवाही की गयी के बारे में समीक्षा की गयी। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पेशेवर अपराधियों को चिन्हित कर ज्यादा से ज्यादा  गैंग रजिस्ट्रेशन हेतु निर्देशित किया गया। महोदय द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि उनके क्षेत्रान्तर्गत ऐसे अपराधी जिन्होने अपराधिक कृत्य के माध्यम से सम्पत्ति अर्जित की गयी है उनके विरूद्ध बीएनएसएस की धारा 107 में दिए गए प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। महोदय द्वारा ऑपरेशन कनविक्शन के अन्तर्गत चिन्हित वादों/मुकदमों की समीक्षा की गयी तथा नये मुकदमों को चिन्हित करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही वाहन चोरी/नकबजनी के हॉटस्पॉट की समीक्षा करते हुए चोरी/नकबजनी के अपराधों में अंकुश लगाने हेतु रात्रिगश्त को और अधिक प्रभावी करने तथा प्रमुख चौराहों, संवेदनशील क्षेत्रों व जनपदीय सीमा पर बैरियर लगवाकर संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं एवं वाहनों को चेक करने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। महोदय द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पीड़ित फरियादियों के आने पर उनकी समस्याओं को सहानुभूति पूर्वक सुनकर उसका तत्काल निस्तारण किया जाए।

**<u>इस अवसर पर जनपद के अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय व जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण मौजूद रहे।</u>**

**<u>मीडिया सेल, गोण्डा।</u>**